मुख्यमंत्री से उच्चायुक्त की मुलाकात के दौरान निवेश, डिफेंस कॉरिडोर, फ्रेट कॉरिडोर समेत कई अहम मुद्दों पर चर्चा

सिंगापुर के लिए यूपी में अपार संभावनाएं: योगी

शिष्टाचार भेंट

राज्य मुख्यालय | विशेष संवाददाता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सिंगापुर के लिए उत्तर प्रदेश में व्यापार, उद्यम स्थापना और पूंजी निवेश की अपार सम्भावनाएं हैं। यह देश का सबसे बड़ा बाजार है। प्रदेश की आबादी का 56 प्रतिशत वर्ग कामकाजी है। इस वर्ग का कौशल विकास कर देश-विदेश में इनके लिए रोजगार के बेहतर अवसर सृजित किए जा सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने शनिवार को यह बात सिंगापुर के उच्चायुक्त साइमन वॉन्ग वी कुएन से मुलाकात में कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत और सिंगापुर के सम्बन्ध बहुत मजबूत हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2018 में सिंगापुर की यात्रा की थी। दोनों देशों के बीच अनेक समझौते हुए थे। राज्य सरकार इसके अनुरूप प्रधानमंत्री के विजन को आगे बढ़ाएगी।

सीएम योगी आदित्यनाथ से शनिवार को सिंगापुर के उच्चायुक्त साइमन वॉन्ग वी कुएन ने शिष्टाचार भेंट की।

यूपी के विकास में सहभागी बनना चाहता है सिंगापुर : वांग ली

सिंगापुर के उच्चायुक्त साइमन वॉन्ग वी कुएन ने कहा कि पिछले साढ़े चार वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश ने उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने प्रदेश की इस विकास यात्रा को नजदीक से देखा है। सिंगापुर, उत्तर प्रदेश के विकास में सहभागी बनना चाहता है। उन्होंने कहा कि भारत में सिंगापुर लार्जेस्ट फॉरेन इन्वेस्टर के रूप में कार्य कर रहा है। डेटा सेण्टर पार्क, फ्रेट कॉरिडोर, जेवर में अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के विकास से उत्तर प्रदेश एक लॉजिस्टिक हब के रूप में स्थापित होगा। डिफेंस इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर में भी सिंगापुर की कम्पनियों के लिए निवेश के अच्छे अवसर हैं। कौशल विकास के क्षेत्र में भी सिंगापुर, उत्तर प्रदेश को सहयोग प्रदान कर सकता है।

मुख्यमंत्री से मिलीं बेबीरानी मौर्य

भाजपा की नवनियुक्त राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बेबीरानी मौर्य ने शनिवार को मुख्यमंत्री योगी से भेंट की। पार्टी की उपाध्यक्ष बनने के बाद मुख्यमंत्री से यह उनकी पहली मुलाकात थी। यूपी चुनाव में पार्टी दलित सम्मेलनों में उनका प्रयोग करेगी। मनोनयन कोटे की चार एमएलसी सीटों के लिए संभावित चेहरों में उनका नाम भी शामिल बताया जा रहा है।

सरकार गरीब के साथ: सीएम

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को यहां कहा कि सरकार अपनी कल्याणकारी योजनाओं के जरिए हर पीड़ित, गरीब के साथ खड़ी है। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की बेहतरी के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। सूबे के सभी 826 ब्लॉकों में एक साथ गरीब कल्याण मेले का आयोजन भी सरकार की इसी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

योगी एकात्म मानववाद व अंत्योदय के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर नवसृजित भरोहिया ब्लॉक से प्रदेश के सभी ब्लाकों के लिए गरीब कल्याण मेला का शुभारंभ कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गरीब इलाज के अभाव में दर-दर भटकने को मजबूर नहीं होगा। मेले में मुख्यमंत्री ने बच्चों का अन्नप्राशन कराया तो गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार देकर गोदभराई की।

826 ब्लॉकों में यूपी के शुरू हुआ गरीब कल्याण मेला

06 करोड़ लोग अब तक जन आरोग्य योजना से कवर किए गए

'मोपला विद्रोह हिन्दुओं का योजनाबद्ध नरसंहार था'

नयी दिल्ली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केरल में 1921 में हुए मोपला विद्रोह को हिन्दुओं का योजनाबद्ध नरसंहार बताते हुए शनिवार को कहा कि समाज और मानवता को जिहादी तत्वों से मुक्त कराने पर काम करना चाहिए। उनका बयान ऐसे वक्त में आया है जब राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़ी विभिन्न संस्थाएं मोपला विद्रोह पर कार्यक्रमों का आयोजन कर रही हैं और इस घटना को हिन्दुओं का नरसंहार बता रही हैं।